# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–24.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की करेंगे अध्यक्षता, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड का रखेंगे पक्ष।
2. स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा–राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र को लगातार बेहतर बनाने की कर रही कोशिश, अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना लक्ष्य।
3. राज्य में मईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों के बैंक खातों का आधार सीडिंग पूरा, 52 लाख से अधिक महिलाओं को इस महीने के अंत तक मिलेगी अप्रैल की राशि।
4. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा–इस वर्ष राज्य के दो लाख लोगों को सौ दिनों का रोजगार देने का तय किया गया है लक्ष्य, मिशन मोड में चलेगा अभियान।
5. राजधानी रांची समेत राज्य के करीब 18 जिलों में आज और कल भारी वर्षा की संभावना, 29 मई तक लोगों को मिलती रहेगी गर्मी से राहत।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। परिषद की बैठक में वर्ष 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड का पक्ष रखेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नयी दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस बैठक में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

****************

स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र को लगातार बेहतर बनाने के लिए कोशिश कर रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। श्री अंसारी कल रांची में एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मौजूद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में रक्त विकार, बोन मैरो और कैंसर जैसी बीमारी के इलाज के लिए पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं होनी चाहिए।

****************

राज्य में मईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों के बैंक खातों का आधार से लिंक करने का काम पूरा कर लिया गया है। अब राज्य के 52 लाख दो हजार लाभुकों को इस महीने के अंत तक अप्रैल महीने के 2500 रुपए मिल जायेंगे। मई महीने की राशि बाद में भेजी जाएगी। महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, जल्द ही लाभुकों की इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी भी कराई जाएगी।

****************

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि इस वर्ष राज्य के दो लाख लोगों को सौ दिनों का रोजगार देने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री कल जिलों में मनरेगा की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

****************

सर्वोच्च न्यायालय ने आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और एसएसबी समेत सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में छह महीने के भीतर कैडर समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

****************

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कल नई दिल्ली में एक बैठक की साझा–अध्यक्षता की। समिति की इस 28वीं बैठक में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अस्पृश्यता और अत्याचार के अपराधों को रोकने के तरीके और साधन तैयार करने पर विचार–विमर्श किया गया।

****************

शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। महीनेभर चलने वाला यह अभियान 31 तारीख को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुरू होगा और अगले महीने की 26 तारीख तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों के एक सौ गज के दायरे में, और नाबालिगों को तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के नियमों को लागू किया जाएगा।

****************

पाकुड़ जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलम्बन को लेकर जिला प्रशासन का प्रयास लगातार जारी है।

****************

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए विभिन्न उपायों के अनुरूप मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा शुरू की है। चुनाव निकाय द्वारा जारी बयान के अनुसार, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर केवल स्विच ऑफ मोड में मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के करीब 18 जिलों में आज और कल भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है। इधर, राज्य के लगभग सभी जिलों में 29 मई तक लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

****************

भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पौलेंड के चोरजाऊ में जानुस्ज कुसोचिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने अपने छठें और अंतिम प्रयास में 84 दशमलव एक–चार मीटर भाला फेंका। नीरज चोपड़ा का अगला मुकाबला आज चैक गणराज्य में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में होगा।

****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अख़बारों ने श्रावणी मेले को लेकर हुई बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–महिला श्रद्धालुओं और बच्चों के रहने, खाने–पीने की होगी व्यवस्था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिए निर्देश।

दैनिक भास्कर ने बिहार की तर्ज पर झारखण्ड में भी पांच वर्षों के लिए 444 बालू घाटों के टेंडर होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने शराब घोटाले से जुड़ी खबर को हेडलाइन बनाई है, जिसमें लिखा है–राज्य सरकार को 200 करोड़ रुपए का हुआ नुक्सान।

दैनिक जागरण लिखता है –कैंसर पीड़ित टाटा स्टील के प्रबंधक ने पत्नी और दो बेटियों के साथ की आत्महत्या।

अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ़ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने राजधानी रांची में लगातार बारिश होने के कारण हो रही बिजली संकट से जुड़ी खबर को प्रकाशित किया है।

**********************